दिनांक 09.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहला वर्मी कम्पोस्ट विक्रय किया भिलाई निगम ने , गोधन न्याय योजना का भिलाई निगम में बेहतर कियान्वयन

भिलाईनगर/ छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना का बेहतर क्रियान्वयन भिलाई निगम में हो रहा है! नगर पालिक निगम भिलाई पूरे छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के तहत वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर विक्रय करने वाला पहला निगम की सूची में शामिल हो गया है। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर क्रय कर वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने का कार्य भिलाई में जोर शोर से किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई को हुई थी। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के कुशल निर्देशन में योजना की शुरुआत के पहले तारिख को ही निगम ने पूरी तैयारी गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाने को लेकर कर ली थी। तब 5 ग्रीन बैग वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए लाए गए थे। प्रथम दिन ही ग्रीन बैग में गोबर डालकर वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया और अब वर्मी कम्पोस्ट निर्माण हुआ तो इसे कृषि विभाग के लैब में टेस्ट कराया गया जहां वर्मी कम्पोस्ट विभिन्न स्तर के मानको पर खरा उतरा और विक्रय के लिये तैयार हो गया।

वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र के कृषको ने वर्मी कम्पोस्ट क्रय किया नेहरू नगर के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी ने बताया कि 120 किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय आज गौठान समिति ने किया और भिलाई निगम पहला ऐसा निगम बन गया जो वर्मी कम्पोस्ट बनाने से लेकर विक्रय करने में तेज गति से कार्य करते हुए अग्रणी स्थान हासिल किया है। गोधन न्याय योजना के तहत केन्द्रों में 2 किलोग्राम, 5 किलोग्राम एवं 30 किलोग्राम का बैग तैयार किया गया है, ताकि लोगों द्वारा आवश्यकता अनुरूप वर्मी कम्पोस्ट क्रय किया जा सके। जोन 01 के गोबर खरीदी केन्द्र में कुल 14 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट विक्रय के लिए तैयार हो गया है! यहां 30 टंकिया निर्मित की गई है, जिनमें वर्मी कंपोस्ट तैयार होने की कगार पर है। बांकि की टंकियो में भी वर्मी कम्पोस्ट तैयार हो रहा है। जोन 04 के गोबर खरीदी केन्द्र में भी वर्मी कम्पोस्ट शीघ्र तैयार हो जाएगा। यहां 23 टंकियों में वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा है। इसी प्रकार जोन 03 में 10 टंकियां और जोन 02 में 34 टंकियों में वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा है।

गोबर खरीदी केंद्रों में तैयार वर्मी कम्पोस्ट खरीदी के लिये इस प्रकार कराए पंजीयन-

जनसम्पर्क अधिकारी